RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831







हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 11 • • अंक 135 • • सितंबर, 2016 • • मूल्य : 15/- •






माली समाज गौरव
राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री

परम आदरणीय
श्री प्रभुलाल सैनी
को 62वें जन्मदिवस
पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाऐं



संत श्री रामप्रसाद जी
महाराज के 44वें
जन्मोत्सव पर
हार्दिक बधाई व
शुभकामनाऐं।

# संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज की पुण्यतिथि की झलकियां





अर्चना करते राजेन्द्र गहलोत, गंगाराम गहलोत महेश बी. चौहान एवं समाज बंधुगण



युवा वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष चिमनाराम व अन्य केबिनेट मंत्री प्रभुलाल सैनी का बहुमान करते हुए



केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल एवं अतिथिगण



केन्द्रीय मंत्री सी. आर. चौधरी का स्वागत

# सर्व समाज ने स्व. मानसिंह देवड़ा की 5वीं पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि













जोधपुर। जोधपुर के विकास पुरूष स्व मानसिंह देवड़ा की पांचवी पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। श्री मानसिंह देवड़ा स्मृति संस्थान की ओर से आयोजित सभा में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अनेकों कांग्रेसजनों एवं विभिन्न समाज के सैकड़ो समाज बंधुओं ने स्व. मानसिंह देवड़ा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भारत सेवा संस्थान द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा सेवाऐं प्रदान की गई जिसका सैकड़ां लोगों ने लाभ उठाया।

देवड़ा की धर्मपत्नी बंसत कंवर, शंकरलाल देवड़ा, दीनदयाल देवड़ा, किशन सिंह देवड़ा, मयंक देवड़ा, प्रदीप देवड़ा, चेतन देवड़ा, कुंती देवड़ा एवं परिवार जनों ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।


RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :11 ● अंक 135 ● 30 सितंबर 2016 ● मूल्य : 15/- प्रति


## सम्पादक मण्डल

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षकः**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

### आवरण कथा



अमरपुरा में संत खिमीदास महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित हुए कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री हुए शामिल

## समाज में राजनीति नहीं होनी चाहिए - प्रभुलाल सैनी


- समाज में राजनीति नहीं होनी चाहिए- प्रभुलाल सैनी
- माली समाज प्रतिभा सम्मान समारोह में 360 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान
- सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम का अंतराष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न
- प्रतिभाओं का आगे लाना हमारा कर्तव्य - अशोक गहलोत
- समाज के युवा अंकित का सेना में लेफ्टीनेंट पद पर चयन
- परिचय सम्मेलन समय की मांग है- राजेन्द्र गहलोत
- शंकरराव लिंगे पुनः महात्मा फूले सामाजिक
- शिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनें
- फूले मूर्ति स्थापना दिवस मनाया
- सम्मान करने से बढ़ता है प्रतिभाओं का हौसला-मदनलाल सैनी
- हम सभी की हरसंभव मदद करें - ऊँकारराम कच्छवाहा
- महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षक दिवस पर ''वाहन रैली'' निकाली
- सांग युवा वर्ग को अपनी संस्कृति से अवगत कराने का सशक्त माध्यम : डॉ. सैनी
- विभिन्न जिलों में शिक्षिका दिवस माता सावित्री बाई के नाम से करने के दिए गए ज्ञापन देते पदाधिकारी
- माली समाज के ठेकेदार ने की आत्महत्या, प्रशासन ने दिया मुआवजा
- माली समाज की 450 प्रतिभाओं को मिला सावित्री बाई फूले अवार्ड
- संत लिखमीदास युवा वहिनी का गठन चिमनाराम प्रदेशध्यक्ष नियुक्त
- स्व. श्रवण चौहान की स्मृति में 1260 यूनिट रक्तदान का रिकार्ड
- गुरनाम गजलाना दूसरी बार बने सैनी सेवा समाज के प्रदेशाध्यक्ष
- सावित्री बाई फूले भवन में प्रदेश स्तरीय पहले महिला छात्रावास का शुभारंभ
- कुशवाहा महासभा की बैठक संपन्न, नई कोर कमेटी का गठन

# सम्पादक की कलम से . . .

**जीवन सुख और दु:ख दोनों से मिलकर बना है,** यह जीवन दर्शन लगभग प्रत्येक व्यक्ति को पता है। फिर भी न जाने क्यों हमसें से अधिकतर दु:ख आते ही कुलबुला उठते हैं, उससे भागने काप्रयास करते हैं।क्या जीवन से भागना इतना सरल है? क्या भागने से सारी समस्याएं हल हो जाती हैं? शायद नहीं।यह सही हैकि सुखों को भोगने के उपरांत दु:खों को भोगना आसान नहीं होता, परन्तु यह भी सही है कि बगैर दु:ख भोगे हमें वास्तविक जीवन का आभास भी नहीं हो सकता। दु:ख ही हैं जो हमें अपने आप को पहचानने और सही मार्ग पर चलने हेतु विवश कर देते हैं।

दु:ख के रूप में वास्तव में हमारी परीक्षा ही होती है। जो दुर्बल हैं वे इससे टूट जाता है और जा सबल हैं, आशावादी हैं वे और निखर जाते हैं। गंभीरता से सोचा जाए तो जीवन की अधिकांश समस्याओं को पैदा करने में हमारा ही हाथ होता है। हम अपनी महत्वकांक्षाओं के घोड़े इतनी तीव्र गति से दौड़ते हैं कि बेचारे स्वप्न भी पीछे रह जाएं। महत्वाकांक्षाए पूर्ण नहीं होने की दशा में या तो हम गलत राहें पकड़ लेते हैं या फिर अवसाद से घिर कर बैठ जाते हैं। इसका आशय यह भी नहीं है क मनुष्य को महत्वकांक्षी नहीं होना चाहिए, उसे महत्वाकांक्षी तो होना चाहिए, परन्तु अपनी योग्यता, सीमाएं देखकर प्रकृति में प्रत्येक की अपनी-अपनी सीमाएं है। यही बात हमारी महत्वकांक्षाओं पर भी लागू होती हैं।

आजकल का जीवन काफी जटिल व परेशानियों से भरा हुआ है। किसी के पास वक्त नहीं है। चारों और भागम भाग है। सब कुछ एक द म पा लेने का जुनून है। विकृत प्रतिस्पर्धा है। प्रत्येक बात का मूल्य निर्धारित है। ऐसे में वास्तविक और सुखी जीवन जीना एक कल्पना ही है। फिर भी हम कुछ कदम ऐसे उठा सकते हैं जिससे हमारी स्वयं की समस्याएं तो कम हो जाएं। स्वविवेक और आशा ही दो ऐसे गुण हैं, जिनकी आज के वातावरण में सर्वाधिक आवश्यकता है, परन्तु इन दोनों को आज की तीव्रता भरी जिंदगी में किताबी मानकर हाशिए पर रख दिया जाता है।

मानसिक परेशानी रखने वालों के लिए सभी समस्याएं वास्तविक होती है, परन्तु जो अपनी मानसिक शक्ति को कभी भी समाप्त नहीं होने देते और आशावादी रवैया अपनाए रखते है, वे अपनी सारी समस्यचाओं से छुटकारा प्राप्त कर लेते हैं। वास्त्व में जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को समस्याओं और दु:खों से जूझना पड़ता है, परन्तु जो लोग दृढ़ संकल्प वाले, आशावादी स्वविवेकी होते हैं, उन्हें कभी इन पर रोना आता है।

**समस्याओं को सही व्यक्ति के साथ बांटा जाए और उन्हें विचार-विमर्श के साथ शांतिपूर्ण ढंग से किया जाएं तो समस्याएं हल करना आसान हो जाता है।**

## हमारे हाथ में है हमारी समस्याओ का हल



**मनीष गहलोत**
संपादक

## सुकृति की दिशा

**मैं-मैं का प्रयोग करना प्रकृति है,**
**'हम' का प्रयोग करना संस्कृति है, और**
**'' मैनें ही '' का प्रयोग विकृति है।**

### अमरपुरा में संत खिमीदास महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित हुए कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री हुए शामिल

# समाज में राजनीति नहीं होनी चाहिए- प्रभुलाल सैनी







**महाराज श्री लिखमीदासजी की 186 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित इस बैठक की औपचारिक शुरुआत बैठक के मुख्य अतिथि श्री सी.आर.चौधरी सॉंसद तथा केन्द्रीय खाद्य व आपूर्ति राज्य मंत्री, भारत सरकार) के शुभागमन के साथ हुयी। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत (पूर्व मंत्री) ने की। विशिष्टम अतिथि के रूप में श्री प्रभूलाल सैनी (कृषि मंत्री राजस्थान सरकार) श्री अर्जुनराम मेघवाल (सॉंसद तथा केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री),श्री सुनिल परिहार (पूर्व अध्यक्ष-राज सीकों) श्री हबीबुर्रहमान (विधायक-नागौर) श्री मदनलाल सैनी (पूर्व विधायक) श्री पाण्डे (भारत सरकार के सचिव) ने भी विशिष्ट आमंत्रितअतिथि के रूप में बैठक शोभा बढ़ायी। अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री गंगाराम गहलोत (अहमदाबाद), श्री शंकरलाल गहलोत (सुमरपुर), श्री भगवान राम(सॉंचोर), श्री भल्लाराम परमार (से.नि.न्यायाधीश), श्री दीपक भाटी (युवक-भाजपा ने. सुमेरपुर),श्री पूनाराम चौधरी (जिला प्रमुख, जोधपुर), श्री पुरुषोत्तम सोलंकी (एडवोकेट -बाड़मेर), श्री बाबूलाल-गहलोत, श्री भंवरलाल सॉंखला (पूर्व पार्षद), श्री महेश चौहान (पूर्व पालिकाध्य बालोतरा) ने भी अपनी उपस्थिति अंकित की।**

मुख्य अतिथि सी. आर. चौधरी (केन्द्रीय मंत्री) ने कार्यक्रम में भाग लेने से पूर्व भारत सेवा संस्थान के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। तत्पश्चात देवदश्रन तथा अर्चना के पश्चात मुख्य कार्यक्रम में भाग लिया। स्मारक विकास संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने शब्दों से अतिथि सत्कार किया तथा आमंत्रण स्वीकार अर आगमन पर सभी अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। अपने स्वागत सत्कार के पश्चात मुख्य अतिथि सी. आर. चौधरी ने संबोधन में कहा कि साधुसंत किसी एक जाति के नहीं होते , सबके होते है। आपने कार्यक्रम के आयोजकों के साथ ही नागोर की जनता का भी आभार व्यक्त किया जिसने उन्हें राजनीतिक मंच पर सेवा करने का अवसर प्रदान किया। आपने कहा कि भक्तों को देवी-देवताओं के प्रति पूरी श्रद्दा/आस्थान रखनी चाहिए। अडिग रास्ता रखने में ही सबका हित निहित है। आपके अनुसार संत महात्माओं के प्रति अडिग आस्था रखेन तथा उनके मार्गदर्शन के अनुसार जीवन जीने में ही देश/प्रदेश का हित निहित है। आपने कहा कि व्यक्ति को किसी कार्य का श्रेय खुद नहीं होना चाहिए तथा कमी की जिम्मेदारी स्वयं स्वीकार करनी चाहिए। इस अवसर पर आयोजित चिकित्सा शिविर के आयोजन को मानव सेवा का उत्कृष्ठ उदाहरण बताया तथा सुझाव दिया कि आज बेटियों की कमी है उन्हें सम्मान दिया जाना अति आवश्यक है।

इससे पूर्व स्मारक विकास संस्थान के सचिव नरेन्द्र कच्छवाहा ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की और पिछली बैठक के निर्णयों को पढ़कर सुनाया। आपने इस अवसर पर अपने परिवार की तरफ से एक कक्ष और निर्मित करवाने की घोषणा की जिसका करतल ध्वनि से हार्दिक स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि कच्छवाहा परिवार की तरफ से मंदिर परिसर में एक कक्ष निर्माण की घोषणा पहले से की हुई है। यह दूसरा कक्ष है।

दियोदर गुजरात के पूर्व विधायक अनिल भाई माली ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यहां मंदिर का निर्माण माली समाज के गुरूद्वारें के रूप में हो रहा है जिसकी प्रतिष्ठा अगले दिसम्बर माह में 1 से 5 दिसम्बर तक होगी। अनिल भाई ने इस अवसर पर एक कक्ष के निर्माण की घोषणा की। पूरे समाज के विकास एवं समृद्धि की कामना भी की।

अति विष्टितम अतिथि तथा केन्द्रीय वित राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल (सांसद, बीकानेर) ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत शिरोमणी श्री लिखमीदास जी महाराज का नाम मेरे लिए सबसे बड़ा तथा महत्वपूर्ण है महात्मा

फूले तथा संत लिखमीदासजी महाराज दोनों मेरे दिल में बसे है संतो का काम भगवान स्वयं करते हैं संत लिखमीदासजी सामाजिक समरसता के प्रतीक थे वे माली समाज के ही नहीं अन्य संप्रदायों के लिए भी आदर्श संत व महापुरूष थे। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में सबके विकास के साथ सब पढ़े व आगे बढ़े की बात कही। उन्होंने माली समाज के साथ अपने अटूट संबध की बात भी कही।

अर्जुनराम मेघवाल के संबोधन के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी दानदाताओं एवं भामाशाहों तथा जन प्रतिनिधियों का बहुमान किया गया। सम्मान में सबको माल्यार्पण, वस्त्रपहिका तथा साफा पहनाया गया। इस के पश्चात माली महासभा के चेयरमेन ऊँकारराम कच्छवाहा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि लिखमीदासजी महाराज एक चमत्कारिक संत थे वे हर समाज, जाति एवं संप्रदाय के लिए एक आदर्श थे हमें उनके जीवन से समर्पित भक्ति की सीख लेनी चाहिए।

मुख्य अतिथि के रूप में कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने उपस्थित सभी भक्तजनों को संबोधित करते हुए कहा कि यहाँ मंदिर निर्माण से न केवल माली समाज के बल्कि पुरी दुनियां के लोगों को आध्यात्मिक लाभ मिलेगा। आपने अपने जन्मदिन की बधाई के लिए उपस्थित सभी वर्गो के लोगों को धन्यवाद दिया। आपने कहा कि पुण्यतिथि महत्पपूर्ण है जन्मदिन नहीं आपने एक महत्वपूर्ण कथन के माध्यम से सबका ध्यान आकर्षित किया कि ''राजनीति में समाज को किंतु समाज में राजनीति नहीं ही। आपने इसे स्पष्ट करते हुएकहा कि समाज के उत्थान के लिए राजनैतिक जागरूकता आवश्यक है किंतु राजनीति आने से समाज का विकास अवरूद्व होता है इसलिए समाज के कार्यो एवं समारोह के साथ संस्थानों में राजनीति नहीं होनी चाहिए''। आपने स्मरण दिलाया कि समाज की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा समाज के साथ हूँ साथ था और भविष्य में भी साथ रहूँगा।

इस अवसर पर भारत सेवा संस्थान के प्रभारी नरपत सिंह कच्छवाहा ने कहा कि शिविरों के माध्यम से जनता में स्वास्थ के प्रति जागरूकता का संदेश जाता है इस शिविर में सैकड़ों रोगियों की जाँच की गई उन्हें परामर्श तथा उपचार से लाभान्वित किया गया। शिविर में डॉ. ओ. पी दवे( पाईल्स विशेषज्ञ), महेन्द्र सिंह कच्छवाहा (आयुर्वेदिक चिकित्सक), डॉ. सीमा कच्छवाहा, डॉ. राजेन्द्र गहलोत (होम्योपेथिक चिकित्सक) ने अपनी सेवाएं प्रदान की।संस्थान की तरफ से सभी आंगतुक अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। संस्थान के उपाध्यक्ष मोती बाबा ने महाराज के जयकारें के साथ सबका आभार प्रकट किया।

# सुमेर शिक्षण संस्थान के 119 वें स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया






**29 अगस्त 2016 (सोमवार) जोधपुर।** स्थानीय महामंदिर स्थित श्री सुमेर शिक्षण संस्थान ने अपने संस्थान परिहार में 119 वाँ स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया। स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजेन्द्र गहलोत श्रीनरेन्द्र कच्छवाहा श्रीमती सुषमा परिहार श्री किशोरसिंह परिहार ब्रह्मसिंह परिहार, श्री अरविंद गहलोत, श्री राधाकिशन तंवर आदि ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ायी। सुमेर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा की गई गणेश वंदना से समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। तदनतर सुमेर लिटल रोजेज विद्यालय के बाल कलाकारों ने त्रिवेदी की स्मृति भव्य नृत्य के साथ प्रस्तुत की। सुमेर बा.उ.मा.वि. की छात्राओं ने भव्य गरबा नृत्य तथा भक्ति गीत की प्रस्तुति से खूब तालियाँ बटोरी। मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र सोलंकी ने स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के प्रसंग में शिक्षा के स्तर को सुधारने की आवश्यकता है। आपने गत वार्षिक परीक्षा (बोर्ड 2016) में मेरिट में आये विद्यार्थियों को भी बधाई दी। आपने अपने सम्बोधन में इस बात पर विशेष बल दिया कि संस्था की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर हुई उनकी प्राप्ति के लिए योजनाबद्ध तरीके से विशेष प्रयास किये जाने चाहिए।

मुख्य अतिथि श्री सोलंकी ने अपने कर कमलों से प्रतिभाशाली विद्यार्थियोंको पुरस्कृत/ सम्मानित किया। सम्मानित प्रतिभाओं में श्री गंगासिंह भाटी, श्री पन्ने सिंह भाटी, श्रीसुखदेव आदि प्रमुख है।विभिन्न कक्षाओं में प्रथम द्वितीय तथातृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों का भी बहुमान किया गया। सम्मान किया गया। सम्मान प्राप्त कर प्रतिभाओं के चेहरे खिले खिले से दिखायी दिये। समारोह में उपस्थित श्रोताओं/दर्शकों के मनोरंजनार्थ,प्रेरक नृत्य/गीत प्रस्तुत किये गये। बाल कलाकारों ने नृत्य/संगीत के माध्यम से समाज को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता का संदेश दिया। बाद में समारोह के अध्यक्ष श्रीराजेन्द्र गहलोत ने अपना सम्बोधन दिया। अपने सम्बोधन में पहले श्री गहलोत ने शिक्षा के स्तर को उन्नत करने के लिए विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को बधाई दी। बाद में आपने कहा कि विद्यार्थियों को देश के अच्छे नागरिक बनने चाहिए। आपने शिक्षा के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी उपलब्धियों के लिए संस्था के प्रयासों की सराहना की। संस्था के भूतपूर्व छात्रों को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान किये। बालिका विद्यालय की छात्राओं ने रासलीला पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया।अतिथियों ने अपने हाथों सुमेर शिक्षण संस्थान की वेबसाइट लाँच की।

अतिथियों ने हाल ही छात्रसंघ चुनावों में जीते माली समाज के प्रत्याशियों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती सुषमा परिहार ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा विद्यालय की प्रगति को शुभकामनाएँ भी की। संस्थान के पदाधिकारी श्री नरेन्द्रसिंह कच्छवाहा ने भी अपने विचार अभिव्यक्त किये और कहा कि आज से 118 वर्षो पूर्व समाज के शुभचिंतकों ने अपनी दूरदर्शिका का परिचय देते हुए इस संस्थान की स्थापना की। आज यह संस्थान तेजी से समय के साथ साथ प्रगति करता हुआ। वर्तमान स्तर तक पहुँचा है। इसे और आगे बढ़ाना हम सबका दायित्व है। इस अवसर पर स्व.श्री मानसिंहजी देवड़ा के योगदान को भी सराहा गया। इस अवसर पर खेलकूद में प्रदर्शन पर संस्थान के छात्र -छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

सम्मान समारोह माली युवा संगठन के तत्वाधान में आयोजित हुआ प्रतिभावना सम्मान समारोह

# माली समाज प्रतिभा सम्मान समारोह में 360 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



सांचौर। नगर में स्थित माली समाज छात्रावास में रविवार को माली युवा संगठन के तत्वाधान में माली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह मोहनराम महाराज के सान्निध्य में सेवानिवृत्त न्यायाधीश भलाराम परमार के मुख्य आतिथ्य व जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक मुकेश सोलंकी व दयाराम परमार की अध्यक्षता में हुआ। सेवानिवृत्त न्यायाधीश भलाराम परमार ने कहा कि समाज के विकास का मापदंड प्रतिभाओं से ही आंका जाता है, जो समाज शिक्षित होगा उस समाज का विकास होगा। उन्होंने कहा शिक्षा के बिना समाज की विकास असंभव हैं जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक मुकेश सोलंकी ने कहा जिस समाज में प्रतिभाओं का सम्मान होगा वह समाज उन्नति और विकास करेगा।

भीनमाल तहसीलदार विशनाराम देवड़ा ने कहा प्रशासनिक स्तर पर भी समाज का प्रतिनिधत्व जरूरी हैं इसके लिए युवाओं को पढ़ाई के साथ सिविल सेवा परीक्षओं की और भी ध्यान देना होगा। सिरोही नगरपरिषद के सभापति ताराराम देवड़ा ने कहा कि समाज के विकास के लिए जितना शिक्षा जरूरी है उतनी राजनीति क्षेत्र में भी वर्चस्व होना जरूरी है। डिस्कॉम सहायक अभियंता भरत देवड़ा ने समाज के लिए युवाओं को आगे आने की, बात कही। सिरोही वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष रघुभाई देवड़ा, माली समाज छात्रावास जालोर अध्यक्ष भबुताराम सोलंकी व माली समाज बाड़मेर अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोलंकी, माली समाज भीनमाल अध्रूक्ष भारतराम सुंदेशा तथा सांचौर माली समाज अध्यक्ष खेताराम टांक ने भी समारोह को संबोधित किया।

माली समाज छात्रावास अध्यक्ष भगवानराम माली ने समाज के विकास के लिए शिक्षा को पहली आवश्यकता बताते हुए इस कार्य में युवाओं से आगे आने की बात कही। इस मौके माली समाज अध्यक्ष चितलवाना सरूपाराम सोलंकी, पूर्व प्रधान भूरी देवी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष गंगाराम परमार, पंचायत समिति सदस्य ममता देवी सुंदेशा, पंचायत समिति सदस्य जसवंतपुरा रूपाराम गहलोत, पंचायत समिति सदस्य समदड़ी मनीष कच्छवाह, होथी गावं सरपंच सांवलाराम माली, दूठवा सरपंच रेशीदेवी गहलोत ने भी संबोधित किया। समारोह में नेमाराम परमार, जगदीश माली, जयंतिलाल माली, भागीरथ माली, तेजाराम, बधाराम, नरसीराम, शंकरलाल, माली समाज युवा संगठन के सरंक्षक मोहनलाल, पीराराम परमार, गोविन्द परमार, माली युवा संठन के अध्यक्ष पूनमाराम परमार, उपाध्यक्ष दुर्गाराम, सचिव मफाराम, नवाराम, लाखाराम, शंकरलाल, रणछाराम, मानाराम, वजाराम, भेराराम, बागाराम, रतनाराम तथा भूराराम सहित समाज के लोग मौजूद थे।

**360 प्रतिभाएं हुए सम्मानित :**

माली युवा संगठन की और से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में माली समाज की 360 प्रतिभाएं सम्मानित हुई। जिसमें अतिथियों ने स्मृति चिह्न व प्रशास्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

**अतिथियों को माला व साफा पहना किया सम्मानित :** समारोह के दौरान मंचासीन अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। युवाओं ने मंचासीन अतिथियों को स्वागत माला साफा व शॉल ओढ़ा स्वागत कर सम्मान किया।

**मेले सो रहा माहौल :** नेशनल हाईवे स्थित माली समाज छात्रावास में प्रतिभा सम्मान समारोह में जिलेभर से समाज की महिला, पुरूष व प्रतिभाओं ने शिरकत की।





# सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम का अंतराष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न






मलेशिया। सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के पहले अंतराष्ट्रीय अधिवेशन होटल मैरियट के कुआलालामपुर मलेशिया में शनदार शुरूआत व आगाज के साथ संपन्न हुआ, जहां 5 देशों के प्रतिनिधियों (अमेरिका, सिंगापुर, मलेशिया इटली) व भारत के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक डेलिगेट्स ने मलेशिया पहुंचकर पहले अंतराष्ट्रीय अधिवेशन की शुरूआत की, इस अधिवेशन में कोई 22 घंटों का हवाई सफर कर पहुंच रहा है तो कोई 15 घंटो का लेकिन थकान किसी को नहीं बल्कि मन में समाज के प्रति कुछ करने का जज्बा, चेहरे पर अथाह संतोष और खुशी के अहसासा और उत्सव के माहौल के बीच कार्यक्रम की भव्य शुरूआत है।

मलेशिया में जहां सैनी समाज का नया इतिहास लिखा जा रहा था सभी ने गहल चिंतन मनन किया और राष्ट्रीय संयोजक सुभाष सैनी ने जिस आंदोलन की नींव रखी है और जिस विजन की शुरूआत की है उसका सभी ने स्वागत किया इस अधिवेशन की खासय बात यह रही कि सबसे पहले समाज शिक्षित व आर्थिक रूप से मजबूत कैसे हो इस पर गहन चिंतन किया गया दुनिया भर में फैले हमारे समाज बंधुओं का फायदा भारत के सैनी समाज को कैसे मिले इस पर अपना मत दिया इस अधिवेशन में समाज की महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया मुंबई की श्रीमती मनीषा हो या इंदौर की श्रीमती हर्षा देवड़ा सभी ने अपना मत रखा इस अधिवेशन की सफलता पर कार्यक्रम के राष्ट्रीय प्रभारी किशोर टाक का धन्यवाद किया गया।

इस अधिवेशन में 11 प्रस्ताव भी पास किए गए : महात्मा ज्योति बा फूले दम्पति को भारत रत्न मिले, माता सावित्री बाई फूले की जयंति को शिक्षिका दिवस के रूप में घोषित करने, मेजर ध्यानचंद कुशवाहा को भारत रत्न देने, शहीद उधमसिंह को सरकारी उत्सवों में जोड़ा जाए, फूले दम्पती की जीवनी को पाठ्यक्रम में विस्तृत रूप से जोड़ने, विभिन्न क्षेत्रों में सेवा करने वाले 11 जनों का समाज रत्न से सम्मानित करने व अगला अधिवेशन मुंबई में कराने आदि 11 प्रस्तावों को पारित किया गया। इस दौरान अंत में अंतराष्ट्रीय कार्यसमिति की भी घोषणा की गयी। अंत में अगले साल फिर मिलने के वादे के साथ ाारतीय प्रतिनिधि मण्डल सिंगापुर की ओर कूच कर गया जहां पर भी सैनी समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया और सिंगापुर में भी जय ज्योति जय क्रांति का नारा बुलंद हुआ।





## पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रिका द्वारा आयोजित स्कालरशिप परीक्षा का किया परिणाम जारी

# प्रतिभाओं का आगे लाना हमारा कर्तव्य - अशोक गहलोत



जोधपुर। आज पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने माली सैनी संदेश पत्रिका द्वारा आयोजित महात्मा फूले क्रांति ज्योति स्कॉलरशिप के परिणाम की घोषणा की। परीक्षा संयोजक मनीष गहलोत ने बताया कि दिनांक 7 अगस्त, 2016 को आयोजित परीक्षा में समाज के 942 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, परीक्षा के प्रति उत्साह इसी बात से लगाया जा सकता है कि परीक्षा के लिए जोधपुर के साथ ही तिंवरी, भोपालगढ़, बौरूंदा, पीपाड़, बालेसर में भी परीक्षा केन्द्र बनाए गए। आज सर्किट हाउस में उक्त परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम की घोषणा अशोक गहलोत के हाथों से करवायी गई।

पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रथम बार में ही 900 से अधिक विद्यार्थियों के प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने पर हार्दिक बधाई देते हुए परीक्षा में सफल रहे 110 विद्यार्थियों शुभकामनाऐं प्रेषित करते हुए विद्यार्थियों को दी जाने वाली स्कॉलरशिप व कोर्सेज की जानकारी प्राप्त कर आयोजकों को इस आयोजन के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है तथा भविष्य में होने वाली प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी में भी सहायता प्राप्त होती है।

इस अवसर पर परीक्षा के सफल संचालन कराने वाले सांवर परिहार, अचलसिंह गहलोत, रामेश्वर गहलोत, जगदीश देवड़ा, सतपत सोसायटी के सचिव राजेश गहलोत के साथ ही अनेकों समाज बंधुओं ने पूर्व मुख्यमंत्री से भेंट की। संयोजक मनीष गहलोत ने बताया कि परीक्षा में सफल रहे विद्यार्थियों को 1200/- रूपये की स्कॉलरशिप के साथ ही वर्ष भर होने वाले विभिन्न कोर्सेज में नि:शुल्क प्रवेश दिया जायेगा। इसमें प्रमुख रूप से व्यवसायिक कोर्सेज के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो सके इसके लिए प्रयास किया जायेगा साथ ही समय समय पर विषय विशेषज्ञों की क्लासेज का भी आयोजन किया जायेगा।

पत्रिका द्वारा स्कॉलरशिप में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सार्टिफिकेट तथा साथ ही सफल विद्यार्थियों को सम्मान समारोह में सम्मानित किया जायेगा। सफल रहे विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम परीक्षा केन्द्र से अथवा हमारी वेबसाईट मालीसैनी संदेश डॉटकॉम से प्राप्त कर सकते है।

# समाज के युवा अंकित का सेना में लेफ्टीनेंट पद पर चयन



अंकित भाटी

बीकानेर। माली समाज के अंकित भाटी का चयन भारतीय सेना में लेफ्टीनेंट के पद पर हुआ। अंकित की 11 महीने की ट्रेनिंग चैन्नई स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी में जल्द ही शुरू होगी। इससे पहले सर्विस सलैक्शन बोर्ड(19एसएसबी, इलाहाबाद) की पक्रिया के तहत अंकित ने साक्षात्कार सहित सारी परीक्षाओं में सफल रहते हुए शॉर्ट सर्विस कमीशन के टैक्नीकल एंट्री 47 कोर्स की इलेक्ट्रीक ब्रांच के लिए क्वालिफाई किया और वरीयता क्रम में तीसरा स्थान हासिल कया है।

अंकित के पिता सहायक लेखाधिकारी श्रीलाल भाटी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि कॉलेज में आर्मी-ऑफिसर के एक मोटीवेशनल सेमिनार से प्रभावित अंकित ने सेना में जाने का मानस बनाया और इस बात की खुशी है कि अंकित ने अपनी योग्यता को सिद्ध किसर है एवं अब देश की सेवा करेगा, यह परिवार और समाज के लिए गर्व की बात है। अंकित की माता अध्यापिका सुशीला भाटी अंकित के अखिल भारतीय स्तर पर चयन से खुश है, उनका कहना है कि मेरा सपना था कि मेरा बेटा सेना में ऑफिसर बने। अंकित का कहना है कि उन्हें हमेश्या ही यूनिफार्म जॉब चाहिए थी। सेना में काम करने से बड़े गर्व की कोई बात ही नहीं है, देश के लिए कुछ करने का जज्बा ही यहां तक ले आया है, अब मौका है कुछ करने का तो पूरी मेहनत और लगन से काम कर देश की सेवा करूंगा। माली सैनी संदेश परिवार अंकित को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।

# परिचय सम्मेलन समय की मांग है- राजेन्द्र गहलोत







भीलवाड़ा 18 सितम्बर। आज के बदलते हुए परिवेश में हर समाज अपनी प्राचीन सामाजिक कुरीतियों को शनै-शनै समाप्त कर रहे है और आवश्यकतानुसार संशोधन भी कर रहे है। हमें भी हमारे समाज में व्याप्त कुरीतियों में सुधार व अंकुश लगाना होगा। परिचय सम्मेलन आज के समय की मांग है और यह हमें समय-समय पर आयोजित करने होंगे। यह विचार महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति के तीसरे स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित वैवाहिक परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजन में पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत ने व्यक्त किये।

वे यहां फूले सेवा संस्थान एवं माली समाज द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि हमें संकल्प लेना होगा कि हम हमारी भावी पीढ़ी को संस्कारवान शिक्षा दिलाये ताकि बालक-बालिकाएं शिक्षा ग्रहणकर उज्वल भविश्य का निर्माण कर सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खेतड़ी विधायक पूरणमल सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गये मानव कल्याण के कार्यो से प्रेरणा लेकर हमें भी समाज सेवा करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ज्योतिबा फूले केवल माली समाज के ही नहीं अपितू सम्पूर्ण भारतवर्ष के महान पुरोधा है, जिस समय देश ब्रिटिश औपनिवेशक की गुलामी के दौर से गुजर रहा था, उस समय फूले ने ज्ञान की ज्योति का दीप जलाकर समाज में उजाला फैलाने का काम किया। इसी का परिणाम है कि आज लोकतंत्र में आकर तमाम पिछड़ा, दलित वर्ग देर से ही सही विकास की मुख्य धारा में शामिल हो गया है। वास्तव में वे भारत रत्न थे। महात्मा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीबाबा फूले ने महात्मा फूले की मूर्ति के स्थापना दिवस पर आयोजकों को बधाई देते हुए आव्हान किया कि महात्मा ज्योतिबा फूले के विचारों को जन-जन तक पहुंचाये और उनके बताये हुए सद्मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाये।

परिचय सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पधारे राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश महामंत्री प्रभाती लाल सैनी उदयपुर के रेवाशंकर माली, पाली फालना के कालूराम सैनी, ऑल इण्डिया माली सैनी समाज के राष्ट्रीय सचिव बंशीलाल माली सहित अन्य अतिथियों ने भी भीलवाड़ा पहली बार आयोजित किये गये परिचय सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे परिचय सम्मेलनों ने नई जागृति आयेगी और रिश्ते करने में भी समाजजनों को सुविधा मिल सकेगी। संस्था के अध्यक्ष गोपाललाल माली ने सभी अतिथियों व आगन्तुकों का अपने उद्बोधन से स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम से पूर्व महात्मा फूले, संत लिखमीदासजी व माता सावित्री बाई फूले के चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूवात की। कार्यक्रम का संचालन शंकर लाल माली ने किया। जबकि आभार संस्था के सचिव शोभालाल माली व कोशाध्यक्ष शंकरलाल माली ने व्यक्त किया।

**परिचय सम्मेलन में 22 लड़कियों व 76 लड़कों ने दिया परिचय**

माली समाज द्वारा पहली बार आयोजित परिचय सम्मेलन में अलग-अलग शहरों से 22 लड़कियों ने अपना बेबाक परिचय दिया वहीं 76 लड़कों ने भी अपना परिचय परिचय दिया। संस्था अध्यक्ष गोपाललाल माली ने बताया कि इस सम्मेलन में उम्मीद से भी ज्यादा युवक-युवतियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिससे सम्मेलन के प्रति युवक-युवतियों में भी स्वयं के प्रति उत्साह रहा। इस सम्मेलन में पांच द्विव्यांग प्रतिभाभागी भी सम्मिलित रहे। पहली बार में ही जिस बेबाकी से लड़के-लड़कियों ने अपना परिचय दिया इससे लेकर अतिथियों एवं आयोजकों में भी उनके हौसलों की सराहना की।

**50 जनों को महात्मा फूले सामाजिक अवार्ड देकर सम्मानित किया**

टाउन हॉल में आयोजित परिचय एवं सम्मान समारोह में समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर महात्मा फूले अवार्ड देकर समाज में इनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मान किया गया। इनमें प्रमुखता से वलसाड़ वापी गुजरात से पधारे मोहन माली, मुम्बई वसाई के भंवरलाल माली, टोंक माली समाज के अध्यक्ष पांचुलाल सैनी, रामगोपाल करोडीवाल, धनराज गढ़वाल, कन्हैयालाल माली, हरनारायण माली, शंकरलाल गोयल, राजकुमार गोयल, योगेश गहलोत, देबीलाल रागस्या, सत्यनारायण डाबला सहित अनेक समाजसेवियों का समारोह में सम्मान किया गया। इस अवसर पर रामनारायण कच्छावा, मदनलाल सोपरिया, मथुरालाल माली, श्यामलाल माली, रामनारायण माली, नानूराम गोयल, मीठुलाल सतरावला सहित हजारों की संख्या माली समाज के महिलाएं पुरूष उपस्थित थे।

# शंकरराव लिंगे पुनः महात्मा फूले सामाजिक शिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनें




रेवाड़ी। महात्मा फूले सामाजिक शिक्षण संस्थान की 5 वर्षीय आम सभा किसान वाटिक कौनसीवास रोड़ रेवाड़ी में दिनांक 24 सितम्बर को राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकरराव लिंगे की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पिछली मिटिंग में लिये निर्णयों का अनुमोदन किया गया। महामंत्री रामनारायण चौहान ने गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छवाहा ने वर्ष 2015-16 का आय व्यय का हिसाब प्रस्तुत किया एवं आगामी बजट रखा। ऑडिटर के. पी. सिंह (सी.ए.) की नियुक्ति की गई। ''शिक्षादान की अभिनव योजना'' की रूपरेखा भी रखी गई। मासिका शिक्षा इशारा का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर भूमि चयन समिति के अध्यक्ष गंगाराम गहलोत ने संस्थान के लिए प्रस्तावित भूमि लिये जाने की जानकारी दी।

वर्ष 2016 से 21 तक संस्थान के पदाधिकारियों का सर्वानुमति से चुनाव हुआ। जिसमें शंकरराव लिंगे(सोलापुर), राष्ट्रीय अध्यक्ष, गंगाराम गहलोत (अहमदाबाद), श्रीपाल सैनी (दिल्ली), श्रीमती शशी सैनी (कुरूक्षेत्र) एन. एल. नरेन्द्र बाबू (बैंगलोर), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, रामनारायण चौहान (दिल्ली) राष्ट्रीय महासचिव, रामलाल कच्छवाहा (जयपुर) कोषाध्यक्ष, जी. एल. सेनी (दिल्ल) मंत्री, रमेश सैनी (दिल्ली) विधि सलाहकाकर, एडवोकेट के. पी. सिंह (दिल्ली) सी. ए., श्रीचंद सैनी सह संपादक शिक्षा इशारा तथा संजय मालाकार (बिहार), हरीश पटेल (छतीसगढ़), एस. बी. सैनी(उ.प्रदेश), अनुदराम पटेल (उड़ीसा), डॉ. पी. एन. अम्बाडकर (भोपाल), रविंद्र कुमार सैनी (उ. प्रदेश), महावीर सिंह सैनी(उत्तराखण्ड), व्ही. एम. पल्लव मोहन वर्मा (तमिलनाडु), मदनलाल माली (तमिलनाडु), ओ. पी. देवड़ा (तेलगांना), पी. डी. सैनी (हिमाचल), विजय पटेल (गोवा), राजेन्द्र प्रसाद सैनी (हरियाणा), आ. पी. सैनी (दिल्ली), जगदीश कच्छवाहा (राजस्थान), रामजीप्रसाद सिन्हा(झारखण्ड), महेश गणगपे(महाराष्ट्र) राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य चुने गये। शेष कार्यकारिणी के सदस्यों का मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा करने का निर्णय लिया गया। कार्यवाही का संचालन एवं आभार महासचिव द्वारा प्रकट किया गया।

# फूले मूर्ति स्थापना दिवस मनाया



भीलवाड़ा 17 सितम्बर। महात्मा ज्योतिबा फूले सामाजिक जीवन मूल्यों के समाज में असली संस्थापक थे। उनके बताए सद्मार्ग पर चलकर जीवन को खुशहाल और समाज को फिर से रोग मुक्त बनाया जा सकता है। यह उद्गार पूर्व मंत्री एवं भीलवाड़ा डेयरी चेयरमन रामलाल जाट ने व्यक्त किये। वे यहां देवरिया बालाजी के समीप स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति प्रांगण में फूले की मूर्ति के तीसरे स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि सदाचार, नैतिकता और मानव धर्म ही मनुष्य के असली आभूशण है। ज्योतिबा फूले ने अपने जमाने में जन-जन को इन्हीं आभूषणों से अलंकृत होने की बात कही थी। अब बदलते परिवेश और युग में उनकी शिक्षाओं को अपनाकर हम समृद्ध ही नहीं कामयाब भी हो सकते है।

स्थापना दिवस समारोह में ही समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सभापती ओम नराणिवाल ने सामाजिक कुरीतियों को मूल से नष्टकर समाज में शिक्षा की अलख जगाने का आव्हान किया और कहा कि जिस समाज में ज्योतिबा फूले जैसे कोहीनूर ने जन्म लिया हो वो समाज अगर आज विकास की दौड़ में पिछे खड़ा नजर आता है तो यह हैरत की बात ही है। सामाजिक जाजम पर सामूहिक रूप से लोगों को मिलजुलकर आगे बढ़ना होगा। तभी समाज उन्नती करेगा। फूले सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपाललाल माली ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले का समस्त मानव समाज के प्रति समर्पण और त्याग को कभी नहीं भुलाया जा सकता और आने वाली पीढ़ी उनके किये गये सामाजिक कार्यो से प्रेरणा लेकर अपना जीवन धन्यकर सकते है। स्थापना दिवस समारोह से पूर्व सभी अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्पाजंली अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर स्थानीय माली समाज के अध्यक्ष बंशीलाल माली, संस्था के सचिव शोभालाल माली, कोषाध्यक्ष शंकरलाल गोयल, पूर्व पार्षद देबीलाल माली, नानूराम गोयल, भंवर गढ़वाल, राजकुमार गोयल, सत्यनारायण डाबला, चौथमल रागस्या, कन्हैयालाल माली, आशीष सैनी, हरनारायण माली, बाबूलाल माली, भैरूलाल बुलिवाल, सम्पत माली, भगत प्रजापत, मीठुलाल सतरावला, सीताराम कनवासिया, भैरूलाल गोयल, गोपाल लाल ढीबरिया, बाबूलाल कनवासिया, कैलाश चन्द्र माली, गणपत माली, गोपीलाल माली आदि समाजजन उपस्थित थे।

## समाज के प्रदेश स्तरीय छात्रसंघ चुनावों में विजयी प्रत्याशियों के सम्मान समारोह में हुई 72 प्रतिभाऐं सम्मानित

# सम्मान करने से बढ़ता है प्रतिभाओं का हौसला-मदनलाल सैनी





जयपुर। सैनी माली पोलिटिकल ग्रुप राजस्थान के द्वारा रविवार को जयपुर वैशाली नगर गांधी पथ रोड़ विनायक मैरिज गार्डन में राजस्थान के विभिन्न जिलों से छात्रसंघ चुनावों में विजयी रहे समाज के 72 विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मदनलाल सैनी ने कहा कि ऐसे सामाजिक मंचां पर प्रतिभाओं का सम्मान करने से प्रतिभाओं का हौंसला बढ़ता है। समाज में ऐसी बहुत सारी प्रतिभाएं छिपी हुई है सिर्फ उन्हें तलाशने की जरूरत है। इस अवसर पर पूर्व आई.ए.एस. डॉ सत्यनारायण सिंह सैनी ने कहा कि सैनी माली पोलिटिकल ग्रुप राजस्थान के द्वारा नवनिर्वाचित युवाओं का मनोबल बढ़ाने और समाज को विकास की नई दिशा की ओर ले जाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह एक सराहनीय पहल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राम अवतार सैनी अतिरिक्त निदेशक आई.टी.आई ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव से जो पदाधिकारी जीत कर आते है उन्हें राजनीति में आगे बढ़ने का मौका मिलता है और राजनीति के साथ-साथ आगे बढ़ने के लिए अपने शिक्षा के क्षेत्र में भी ध्यान देना आवश्यक है।

इस मौके पर मुख्य वक्ता सुरेश सैनी, एन. एच. आई, शंकरलाल तंवर ने छात्रसंघ विजेता पदाधिकारियों को संबोधित किया । समारोह में अतिथियों द्वारा अजमेर महाविद्यालय से हनीश मरोठिया, कोटा मेडिकल कॉलेज से विकास सैनी, पुष्कर महाविद्यालय से कृष्णकांत अजमेरा, जय नारायण विश्व विद्यालय, जोधपुर से रिकार्ड मतों से विजयी हुई महासचिव आरती देवड़ा, राजस्थान विश्वविद्यालय एबीएसटी विभाग से अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़े भरतलाल सैनी, विधि महाविद्यालय अजमेर से लोकेश टाक, थानागाजी कॉलेज से चंद्रप्रकाश, नवलगढ़ पौद्दार कॉलेज से योगेश सैनी, विधि महाविद्यालय डुंगर कॉलेज प्रशांत कच्छवाहा, बीकानेर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टोक से संयुक्त सचिव पद पर नियुक्त बीना सैनी, राजकीय महाविद्यालय निवाई से महा सचिव हंसराज सैनी, कन्या महाविद्यालय करौली से कृष्णा माली, राजकीय महाविद्यालय मालपुरा टोंक से उपाध्यक्ष विकास कुमार सैनी, जैनी कन्या महाविद्यालय राजश्री तंवर बीकानेर, सिरोही महिला कॉलेज से रंजना माली, सिरोही महाविद्यालय से गोपाल माली, विधि महाविद्यालय अलवर से महेन्द्र सैनी, महाविद्यालय तिजारा से निखिल सैनी, महाविद्यालय तारानगर नरेश सैनी, महाविद्यालय आबूरोड़ से किशोर मी, महाविद्यालय जैतारण पाली से श्रीराम गहलोत, पोकरण महाविद्यालय से मुकेश माली, पोकरण महाविद्यालय से खुशबू भाटी, महिला कॉलेज नागौर से कृष्णा कच्छवाहा, महाविद्यालय सिवाना से सुनिल गहलोत, पोद्दार कॉलेज नवलगढ़ से अंजू सैनी, वर्षा सत्रावला, पुष्कर संस्कृत कॉलेज, मनीष टाक सोजत से, कोटा महाविद्यालय से बंटी सुमन, बूंदी महाविद्यालय से हेमराज सैनी, सीकर कॉमर्स कॉलेज से मंयक सैनी, बोथरा महाविद्यालय से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित रितू गहलोत, कन्या महाविद्यालय जालौर से रिंकु सुंदेशा, महाविद्यालय सुमेरपुर से खेताराम माली, महाविद्यालय तिजारा से साक्षी सैनी, महाविद्यालय सीकर से उर्मिता सैनी, कन्या महाविद्यालय झुंझुनु से अनिता सैनी, आचार्य कॉलेज, उदयपुरवाटी से अनिल सैनी, महाविद्यालय बालेसर से प्रकाश गहलोत, फलौदी महाविद्यालय से विजयकुमार माली, नारायणपुर कॉलेज से रामरतन सैनी, महिला महाविद्यालय से चौंमू से संगीता सैनी, कामर्स कॉलेज जयपुर से सुनील सैनी, विधि महाविद्यालय जयपुर से सुनील सैनी, विधि महाविद्यालय से जयप्रकाश सैनी, राजस्थान विश्वविद्यालय इतिहास जयपुर से जितेन्द्र सैनी, महाविद्यालय कोटपुतली से शालू सैनी, नेहा देवड़ा, शिवगंज सिरांही, भीनमाल जालोर से ओमप्रकाश माली, विजयनगर अजमेर से सागर माली, महिला महाविद्यालय लालसोट(दौसा) से सीमा सैनी, राजकुमारी कुशवाहा, धोलपुर संस्कृत विभाग जयपुर अध्यक्ष पद पर विनोद कुमार सैनी, लाईब्रेरी साइंस विभाग संयुक्त सचिव ओमप्रकाश सैनी, महात्मा ज्योति बा फूले शिक्षण संस्थान, चौमूं से किरण सैनी, पानादेवी महिला





कालेज कोटपुतली से हेमलता सैनी सहित करीब 72 छात्रसंघ पदाधिकारियों व छात्र नेताओं का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया एवं छात्राओं को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी के निज सहायक प्रभातीलाल सैनी, ऑल इण्डिया सैनी समाज (रजि.) के राष्ट्रीय सचिव बंशीलाल माली, भीलवाड़ा, संगठन मंत्री जगदीश सैनी शाहपुरा, प्रदेशाध्यक्ष पूर्व रामसिंह सैनी पावटा, प्रदेश महासचिव रमेशचन्द्र सैनी रहमानदिया, प्रदेश सचिव राजेश घाटावाल, महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष गायत्री सैनी, किशोर लाल सैनी चाकसू, जयपुर जिला अध्यक्ष एडवोकेट ललिता महरवाल, टोंक युवा जिला अध्यक्ष प्रेमचंद गंगाड़ा, भरतपुर जिला अध्यक्ष रामेश्वर सैनी, टोंक शहर अध्यक्ष अशोक सैनी, तहसील अध्यक्ष सोमेश्वर सैनी, जयपुर जिलाध्यक्ष कैलाश सैनी जयपुर, एडवोकेट मनीष कटारिया, दीपक सैनी, गणेस सैनी, प्रहलाद पलाईच टोंक, सैनी ठेकेदार राजस्थान प्रदेश माली महासभा प्रदेश अध्यक्ष गुलाब गहलोत, मातीलाल सैनी, नितेश गहलोत महामंत्री, नवल किशोर सैनी, सैनी समाज युवा अध्यक्ष रामकिशोर सैनी, सीताराम कटारा, निवाई, मक्खनलालसैनी, नरेश कुमार सैनी बग्गड़, अशोक सैनी भादरा, रणजीत सैनी, रामकिशोर सैनी चौमूं, फुले बिग्रेड संयोजक सी. पी. सैनी, साईवाड़, प्रदेश संगठन मंत्री हनुमान सैनी चाकसू, लालाराम जादम, शंकर सैनी नायक, राकेश सैनी एडवोकेट, शालू सैनी, मनीष सैनी भरतपुर, रोशन करोड़िया, चतर सिंह भरतपुर, महावीर सैनी आकेडा, विनोद सैनी, भरत अजमेरा सहित काफी संख्या में प्रदेश के कई जिलों से माली समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हम सभी की हरसंभव मदद करें - ऊँकारराम कच्छवाहा



स्वर्ण नगरी जैसलमेर में 12 सितंबर को लौद्रवा की चामुण्डा देवी सेवा समिति द्वारा आयोजित माली समाज के भव्य सामाजिक कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के चेयरमैन ऊँकारराम कच्छवाहा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया व कार्यक्रम में उपस्थित जिला प्रमुख व नगर पालिका अध्यक्ष से समाज के लोगों को हरसंभव मदद करने का आग्रह किया। कच्छवाहा ने आगामी 5 दिसम्बर को संत शिरोमीण लिखमीदाज महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरापुरा जिला नागौर द्वारा प्रस्तावित मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का सभी से आव्हान् किया।



मेला अध्यक्ष ने अनिल भाटी ने सभी का आभार प्रकट किया। इससे पूर्व चामुण्डा माता लोद्रवा मेला के नाम से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच भी रविवार को कराया गया जिसमें विजेता ढ़ाणी बड़ाबाग व उपविजेता रही चामुण्डा क्लब को समापन समारोह में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर माली समाज अध्यक्ष भगवान सिंह परिहार, समिति अध्यक्ष अनिल भाटी, भामाशाह गोविंद जसोल, अमरसागर सरपंच सुश्री ललिता माली, सरपंच इनाणिया सुश्री गुड़िया, उप सभापति शिवप्रताव, सरपंच बालेसर रेवतराम, पूर्व उपसरपंच देवकरण, धनाराम गहलोत, जेठूसिंह, ओमप्रकाश सहित कई जनप्रतिनिधि व समाज सेवी उपस्थित थे।

### भारत के विभिन्न प्रदेशों में शिक्षिका दिवस माता सावित्री बाई के नाम से करने के दिए गए ज्ञापन

# महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षक दिवस पर ''वाहन रैली'' निकाली

**नारी मुक्ति आंदोलन की अगुवा भारत की प्रथम महिता शिक्षिका सावित्री बाई फूले के जन्म 3 जनवरी को शिक्षिका दिवस के रूप में मनाने के लिए ऑल इण्डिया सैनी एवं अन्य संस्थाओं ने संपूर्ण भारत के विभिन्न जिलों भोपाल, भीलवाड़ा, जोधपुर, परबतसर (नागौर), जयपुर आदि जिलों में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन दिया गया।**

अजमेर । दिनांक 3 सितम्बर 2016 को अखिल भारती यमहात्मा फूले समता परिषद के तत्वाधान में महिहला शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु ''शिक्षक दिवस'' के अवसर पर अजमेर माली (सैनी) समाज ने महात्मा ज्योतिबा फूले एवं श्रीमती सावित्री बाई फूले 'प्रथम शिक्षिका' को याद करते हुये शिक्षक दिवस पर उपलक्ष्य में एक विशाल वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली प्रात: 11 बजे लक्ष्मी गार्डन, धोला भाटा, अजमेर से प्रारम्भ होकर मेयो लिंक रोड़, मालियान स्कूल, नगरा, मार्टिडब्रिज, राजकीय महाविद्यलाय, केसर गंज रोड़, स्टेशन रोड़, मदार गेट, चूड़ी बाजार, नया बाजार, आगरा गेट, फव्वारा चौहारा, बजरंग गढ़ चौराहा, ज.ल.ने. अस्पताल, विजय लक्ष्मी पार्क, महात्मा ज्योतिबा फूले सर्किल, अम्बेडकर सर्किल, कचहरी से स्टेशन रोड़, श्रीनगर रोड़ होते हुए गुलाब बाड़ी से लक्ष्मी गार्डन पर सम्पन्न हुई।

प्रथम शिक्षिका ''सावित्री बाई फूले'' की याद में इस वाहन रैली में स्कूल के छात्र-छात्रा व अध्यापकों द्वारा फूल मालाओं से सजी-धजी झाँकिया बनाई गई जिसमें सावित्री बाई फूले द्वारा स्कूल में बच्चों को पढ़ाते हुए दिखई गया।

इस विशाल वाहन रैली में महाविद्यालयों के छात्र-संघों, शिक्षक-संघों, व्यापारिक वर्ग, दोनों राजनैतिक पार्टियों, संस्थाओं व समितियों ने दिल से सहयोग दिया। जिससे सारा अजमेर शहर सैनी समाज के साथ मिलकर ''शिक्षिक दिवस'' बनाने में लग गया। वाहन रैली में शिक्षा के प्रचार-प्रसार, बेटी-बचाओं-बेटी पढ़ाओं, बालिका शिक्षा से संबंधित नारों की तख्तियाँ लेकर चल रहे थे।

वाहन रैली का सभी मार्गो पर जगह-जगह फूलों से स्वागत किया गया। मालियान सैनी पब्लिक स्कूल भजन गंज द्वारा रैली का फूलों से वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर हनिश मारोठिया व लोकेश टांक को साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के जिलाध्यक्ष पूनम ने सभी का आभार प्रकट किया।









# विभिन्न जिलों में शिक्षिका दिवस माता सावित्री बाई के नाम से करने के दिए गए ज्ञापन देते पदाधिकारी











# सांग युवा वर्ग को अपनी संस्कृति से अवगत कराने का सशक्त माध्यम : डॉ. सैनी



लाडवा। विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि यदि आज का युवा वर्ग अपनी पुरानी धार्मिक मान्यताओं, सभ्यता व संस्कृति से अवगत होगा तो उससे समाज में तेजी से पनप रही सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि समाज में तेजी से पनप रही सामाजिक बुराइयों में कमी आएगी तो हमारी समाज अपराध मुक्त होगा और युवा वर्ग अपने से बड़ों का आदर भी करेगा।

सैनी ने कहा कि हरियाणवीं संस्कृति के प्रतीक सांग एक ऐसा सशक्त माध्यम है जो आज के युवा वर्ग को अपनी पुरानी धार्मिक मान्यताओं, सभ्यता व संस्कृति से अवगत करा सकता है। धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं को चाहिए कि वे धार्मिक आयोजनों व अन्य कार्यक्रमों में सांग जैसे कार्यक्रम अवश्य आयोजित करे ताकि लोगों का मनोरंजन होने के साथ-साथ युवा वर्ग पर भी इसका अच्छा प्रभाव पड़ सके। वे रामसरन माजरा में हरियाणवीं सांग के शुभारंभ पर बोल रहे थे। कलाकार राजबाला द्वारा सत्यवान-सावित्री के सांग का शुभारंभ किया गया। समारोह की अध्यक्षता सरपंच पति सुरेश सैनी ने की। इस अवसर पर समाज सेवी व उद्योगपति दीप सैनी, डिम्पल सैनी बाबैन, नायबसिंह पटाक माजरा, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सुभाषचन्द कसीथल, बाबैन के सरपंच विश्वजीत बिंदली, गजलाना के सरपंच रामेश्वर सैनी, भगवानपुरा के सरपंच पति मुकेश शर्मा, ुलसंदा के सरपंच चमनलाल, बाबैन के पूर्व सरपंच सुखदेवसिंह, धर्मवीर पुनिया बरगट, लाभसिंह सांगवान घिसरपड़ी, कौशल सैनी, सतप्रकाश सैनी, कर्मजीतसिंह के अलावा अनेक गण्य मान्य लोग उपस्थित थे।

डॉ. पवन सैनी ने कहा कि आज के युवा वर्ग का पश्चिमी सभ्यता व संस्कृति और डीजे की और आकर्षित होना समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि जिस समाज की सभ्यता व संस्कृति नष्ट हो जाती है उस समाज पर बुरा असर पड़ता है और युवा वर्ग में सामाजिक और नैतिक मूल्य का पतन होता है।

# माली समाज के ठेकेदार ने की आत्महत्या, प्रशासन ने दिया मुआवजा





अलवर। शहर में लालडिग्गी के रहने वाले सार्वजनिक निर्माण विभाग के ठेकेदार कालूराम सैनी ने अधिकारीयों द्वारा निर्माण कार्यो का 8 लाखों रूपए का भुगतान न कराने पर बुधवार रात करीब 8.30 बजे कंपनी बाग में जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे राजीव गांधी सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर देर रात उसकी मौत हो गई। मृतक के पास सुसाइड नोट मिला है। ठेकेदार कालूराम ने सुसाइड नोट में लिखा कि अधीक्षण अभियंता साहब मैंनें आप से निवेदन किया था, फिर भी एक्सईएन ने आप की बात नही मानी। मुझ से कहा कि आप को काम नहीं करना है, यहां से चले जाएं जो बिल आप को दिया है। और मेरे सहयोगी ने जो बिल आपको दिया था, उसमे मेरा बिल 8 लाख रूपए का बना था । यह बिल जेएईन व एईएन ने 3.20 लाख रूपए का बना दिया तथा उन्होनें कहा कि जो तुम से किया जा सके, कर लेना हमारा राज है इस पर उसने कहा कि हमारा कोई नहीं है। मेरा तो भुगतान है। इसलिए में एईएन, जेईएन व एक्सईएन की वजह से आत्महत्या कर रहा हूं। यह कागज किसी को भी मिले तो इनके खिलाफ कार्रवाई जरूर कराएं।

**ठेकेदार ने 17 अगस्त को की थी एसई से शिकायत:** पीडब्ल्यूडी के एसई जी. सी. पंवार ने बताया कि ठेकेदार कालूराम उनसे 17 अगस्त को मिला था। इस दौरान ठेकेदार सैनी ने मौखिक रूप से एक्सईएन, एईएन व जेईएन द्वारा निर्माण कार्यो का भुगतान नहीं करने की शिकायत की । इसके बाद उन्होनें एक्सईएन व जेईएन को ठेकेदार का भुगतान जल्द कराने के निर्देश दिए थे।

ठेकेदार सैनी की मौत के बाद गुरूवार सुबह 9.30 बजे मृतक के परिजन पीडब्ल्यूडी ठेकेदार यूनियन के पदाधिकारी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष टीकाराम जूली सहित अन्य कार्यकर्ता कोतवाली थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। साथ ही मृतक के पास मिला सुसाइड नोट पुलिस को सौंप दिया। इस दौरान लोगों ने कोतवाली परिसर में पीडब्ल्यूडी अधिकारीयों के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा दिया। पुलिस की समझाइश के बाद लोग अस्पताल में मोर्चरी के बाहर एकत्र हो गए। वहां पुलिस ने मृतक ठेकेदार कालूराम के शव का पोस्टमार्टम करवाया। इस दौरान मृतक के परिजन व कांग्रेस कार्यकर्ता मृतक के पास मिले सुसाइड नोट में लिखे अभियंताओं को गिरफ्तार करने और मृतक के परिजनों को 10 लाख रूपए का मुआवजा देने की मांग पर अड गए तथा हंगामा शुरू कर दिया। सुचना पर एडीएम सिटी मोहनदान रत्नू, सीओ जयसिंह नाथावत व अन्य अफसर अस्पताल पहुचे और हंगामा कर रहे लोगो को समझाइश का प्रयास किया। अधिकारीयों द्वारा आरोपियों के पूछताछ करने की बात कहने पर आंदोलनकारी आक्रोशित हो गए। और आरोपियों की गिरफ्तारी नही होने तक शव लेने मना कर दिया। इसके बाद जिला पीडब्ल्यूडी ठेकेदार एसोसिएशन के पदाधिकारी , परिजन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता अस्पताल के अंदर दरी पट्टी व बैनर लगाकर धरने पर बैठ गए। धरना देने वालों मृतक का भाई शेखर , बेटा मोहिता, पीडब्ल्यूडी ठेकेदार एसोसिएशन संरक्ष हेमंत दीक्षिता, अध्यक्ष दौलत राम शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष टीकाराम जूली व अन्य लोग शामिल थे। धरना रात तक चलता रहा।

कोतवाली थाने में मृतक की पत्नी ललिता सैनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति कालूराम सैनी ने पीडब्ल्यूडी की ओर से भिवाड़ी थाने में भवन निर्माण का ठेका ले रखा था। मगर पीडब्ल्यूडी एक्सईएन बीएस यादव, भिवाड़ी के एईएन सुरेशचंद यादव व जेईएन हितेश गुप्ता उसके पति को परेशान कर रहे थे। रिपोर्ट में ललिता ने बताया कि पति ने उससे कहा कि अधिकारी उसे ऐसे परेशान करते रहेंगे तो वह आत्महत्या कर लेगा। रिपोर्ट में लिखा है कि बुधवार को उसके पति ने पीड्ब्ल्यूडी अधिकारियों से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है।

मृतक के बेटे मोहित सैनी ने बताया कि उसके पिता घर स्कूटर लेकर निकले थे। देर शाम तक जब वे घर नहीं पहुंचे तो मम्मी ने पिता के मोबाइल पर कई बार कॉल किया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। रात करीब 8 बजे फिर फोन किया तो किसी राहगीर ने फोन रिसीव कर कहा कि जिसका यह फोन है, वह आर्य कन्या स्कूल के पास अचेत पड़ा हुआ है। इसके बाद परिजन वहां पहुंचे तो कालूराम अचेत पड़ा मिला। कालूराम के दो बेटे मोहित व निक्की है जो कक्षा 10 व 9 वीं में पढ़ते हैं।

आरेपियों की गिरफ्तारी की मांग पर धरने पर बैठे लोगों की एडीएम सिटी मोहनदान रत्नू, सिटी सीओ जयसिंह नाथावत, कोतवाली थानाधिकारी गिरधारी लाल शर्मा के बीच दिनभर समझाइश व वार्ताओं का दौर चला। मगर, देर शाम तक कोई परिणाम नही निकला। शाम 7 बजे एडीएम प्रथम हरभान मीणा, एएसपी पारस जैन धरनास्थल पहुंचे और लोगों से कालूराम का शव लेने की समझाइश की। मगर, लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक धरना जारी रखने की बता कही।

**कलयुग में संगठन ही शक्ति होती है और शक्ति से ही अपनी बात का मनवाया जा सकता है। आज शाम 5 बजे सैनी समाज पी.डब्लू.डी. ठेकेदार संघ और कांग्रेस पार्टी की जिला प्रशासन के साथ हुई वार्ता में एक अधिकारी को एपीओ और दूसरे के लिए मंत्री के पास फाइल भेजे जाने की सूचना मिली। साथ ही प्रशासन द्वारा 10 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने की बात पर सहमति हुई। इसके अलावा पी.डब्लू.डी. संघ 20 लाख की सहायता प्रदान करेगा। सैनी महासभा इस दु:ख की घड़ी में परिवार के साथ है तथा हम सभी प्रार्थना करते है कि ईश्वर दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर उनके परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति दे।**

# माली समाज की 450 प्रतिभाओं को मिला सावित्री बाई फूले अवार्ड







डीडवाना। आल इण्डिया युवा माली सैनी समाज के तत्वावधान में समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को सावित्री बाई फूले अवाड्र से नवाजा गया। मालियान सूर्य मंदिर सिंगी बास में रविवार 18 सिंतबर को हुए प्रतिभा वान सम्मान समारोह समाज के अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा के मुख्य आतिथ्य व पालिकाध्यक्ष ग्यारसी देवी की अध्यक्षा व ओलंपियन गोपाल सैनी के मुख्य वक्ता के रूप में आयोजित किया गया।

इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने पर 450 प्रतिभाओं को सावित्री बाई अवार्ड से सम्मानित किया गया। पॉल स्टार संस्थान एवं श्रीनिवासाचार्य स्कूल की छात्राओं द्वारा कार्यक्रम के दौरान नृत्यगान की प्रस्तुतियां दी गई। कृपाराम देवड़ा ने कहा कि वैचारिक मतभेद मिटाकर समाजहित में कार्य करने के लिए सभी को आगे आना होगा और उसमें युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान चाहिए। ग्यारसी देवी ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से मिटाना होगा ओर महिलाओं को शिक्षित कर समाज को आगें बढ़ाना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए।

संस्थान प्रमुख रामगोपाल तुनवाल ने अपने स्वागत भाषाण में मुख्य वक्ता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ओलंपियन गोपाल सैनी ने 16 राष्ट्रीय रिकार्ड बनाए जो आज तक कोई तौड़ नहीं सकता है। उन्होंने संगठन के ड्रीम प्रोजेक्ट जनता के सामने रखते हुए बताया कि माली बैंक ऑफ इण्डिया एवं सैनी गेस्ट हाऊस निर्माण क्रमश : 2.60 करोड़ व 2.5 करोड़ की लागत से प्रारंभ किये जायेगें।

मुख्य वक्ता गोपाल सैनी ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ युवाओं को खेल में भी रूचि रखकर आगे बढ़ना चाहिए। विशिष्ट अतिथि रमेश सांखला एवं पारसमल टाक ने ज्योति बा फूले के व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा किए गए सामाहित के कार्यो की व्याख्या की। रामगोपाल गहलोत ने युवाओं को आगे आने का आव्हान किया

वहीं माली महासभा के चैयरमेन ऊँकारराम कच्छवाहा ने बालिका शिक्षा पर ध्यान देने की बात कही। इनके अलावा ओमप्रकाश सांखला, भंवरलाल गहलोत, कालूराम सैनी, मंजू सैनी, कानाराम पंवार, पूसाराम भाटी, भंवरलाल टाक, डॉ. श्रीचंद तुनवाल, रामनरेश भाटी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्व. श्रवण चौहान के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि देकर किया गया। इस दौरान संगठनके अध्यक्ष रामगोपाल तुनवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान युवा माली सैनी समाज के जिलाध्यक्ष दिलीप सैनी, पार्षद पवन टाक, सुरेश तंवर, गणपत तंवर, कमलकिशोर , बंशीलाल भाटी, रामकिशोर सैनी, श्रवण भाटी, ओमप्रकाश चौहान, दिनेश गहलोत, विजय टाक, भगवती पंवार, मंजू सैनी, समुन आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ गणेश सैनी व कैलाश सोलंकी ने किया।









# संत लिखमीदास युवा वहिनी का गठन चिमनाराम प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त



मथानियां। मणाई गांव के चिमनाराम को संत शिरोमणि लिखमीदास युवा वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर मथानियां माली समाज ने खुशी जताई। तिंवरी सरपंच संघ के चेयरमैन जयनारायण गहलोत ने बताया कि संत लिखमीदास ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए युवा वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष पद पर चिमनाराम कच्छवाहा को मनोनित किया। कच्छवाहा के मनोनयन पर मथानियां के जिला परिषद सदस्य अरविंद सांखला, जेठाराम कच्छवाहा, मदनलाल देवड़ा, प्रेमराज परिहार, अभय सिंह परिहार, संजय परिहार, चेनाराम देवड़ा सहित कई कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। इससे पूर्व ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने चिमनाराम कच्छवाहा को प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी तथा उन्हें संत शिरोमणि के के धार्मिक एवं अध्यात्मिक विचार जन जन तक पहुंचाने एवं दिसम्बर माह में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा समाज बंधुओं को अमरपुरा धाम पहुंचाने के कार्य करने के लिए सभी तहसील, ग्राम, जिला स्तर पर युवा वाहिनी का गठन करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की।

संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज स्मारक विकास संस्थान द्वारा संत लिखमीदास युवा वाहिनी के संरक्षक राजेंद्र गहलोत व प्रदेशाध्यक्ष चिमनाराम कच्छवाह ने कार्यकारिणी का विस्तार किया। कच्छवाह ने बताया कि क्षेत्र सहित समाज के युवाओं में अग्रणी भूमिका निभाने वाले तिंवरी निवासी युवा कार्यकर्ता अचलसिंह गहलोत को युवा वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रेमसुख परिहार रामसागर को प्रदेश मंत्री पद पर मनोनीत किया। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी के संभाग संगठन मंत्री पद पर मथानिया के गणपतलाल देवड़ा व बालरवा निवासी सांवर परिहार को संभाग महामंत्री के पद पर मनोनीत किया। इसी तरह दिनेश परिहार जिला महामंत्री, मोतीलाल गहलोत जिला उपाध्यक्ष, शिवसिंह परिहार तिंवरी तहसील अध्यक्ष, सेवाराम टाक नगर अध्यक्ष, विरेंद्र टाक घेवड़ा नगर अध्यक्ष, अशोक टाक बालरवा नगर अध्यक्ष, पारस सांखला बड़ा कोटेचा को नगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया

इस अवसर पर संत लिखमीदास युवा वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष चिमनाराम कच्छवाहा ने कस्बे की युवाओं की बैठक लेकर समाज के प्रति युवाओं को जाग्रति लाने का आग्रह किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा किसंत लिखमीदास जी महाराज के धार्मिक एवं अध्यात्मिक विचारों को जन जन तक पहुंचाने व आने वाली पीढ़ी में सामाजिक शिक्षा, सामाजिक एकता एवं संस्कार को पोषित करेगें। वही युवा वर्ग समज के हित में संत शिरोमणी लिखमीदास महाराज के राष्ट्रीय स्मारक विकास संस्थान के मंदिर निर्माण में सहयोग करेगें। वही तहसील, पंचायत, ग्रम, नगर स्तर तक युवाओं की टीम बनाकर समाज के लोगों को शिक्षा, राजनीति, नशामुक्ति, रूढ़ीवादी, कुरीतियों, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक व समाज के संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगें।

# गुरनाम गजलाना दूसरी बार बने सैनी सेवा समाज के प्रदेशाध्यक्ष



बाबैन। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज को राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी व राष्ट्रीय महासचिव सुमन सैनी ने गुरनाम सिंह गजलाना में फिर विश्वास करते हुए उन्हे लगातार दूसरी बार ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज का प्रदेशाध्यक्स नियुक्त किया है। गुरनाम सिंह गजलाना को दूसरी बार अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए सैनी समाज के अग्रणी नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का धन्यवाद किया है।

गुरनाम सिंह गजलाना के दूसरी बार आल इंडिया सैनी सेवा समाज का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त होने पर समाज के लोगों ने अनाज मंडी बाबैन में उनका नागरीक अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरनाम सिंह जहां राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जतायाा और कहा कि वे सैनी समाज में सभी को एकजुट करने को प्राथमिकता देंगे। उन्होनें कहा कि आल इंडिया सैनी सेवा समाज हरियाणा की वर्तमान कार्यकारिणी को तुरंत प्रभाव से भंग कर दिया गया है और जल्दी ही प्रदेश की नई कार्यकारिणी का गठन करने के अलावा सभी जिलों में सैनी समाज के सक्रिय लोगों को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा।

इस मौके पर नायब सिंहह पटाकमाजरा, डिंपल सैनी, सुभाष चंद कसीथल, कौशल सैनी व तरसेम राय रामसरन माजरा, कृष्ण सैनी व धर्मराज हमीदपुर रणबीर सिंह व बलवीर सिंह बिन्ट, शीश पाल प्रहलादपुर, मनीष व सुनील सैनी टाटकी, चमन लाल सैनी व बलजीत सिंह फालसड़ा रागडान, सोहन लाल चकचानपुर, बाबु राम गनगौरी, रामेश्वर सैनी सरपंच आदि उपस्थित रहे।

माली सैनी संदेश परिवार गुरनाम गजलाना को हार्दिक बधाई प्रेषित करते है तथा विश्वास व्यक्त करता है कि पूर्व की भांति गजलाना समाज के सभी वर्गो के हित में समाज सेवा करते हुए समाज में फैली कुरीतियों का निवारण करेगें साथ ही समाज के सर्वागिण विकास के लिए कार्य करते रहेगे।

# स्व. श्रवण चौहान की स्मृति में 1260 यूनिट रक्तदान का रिकार्ड






डीडवाना । नगर में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर को युवाओं ने सफल बनाया। रविवार को जेएसएमएसआर यूवा संगठन के तत्वावधान में सिंघी बास में स्थित राजकीय विद्यालय में स्व. श्रवण चौहान की स्मृति में प्रथम पुण्य तिथि पर आयोजित किया गया।

इस शिविर में माली समाज का ही सर्वाधिक योगदान रहा। परंतु नगर के सामाजिक संगठन सदावना क्लब, अग्रवाल नवयुवक मंडल, आदर्श सरस्वती सेवा समिति, माली नवयुवक मंडल, लॉयन्स क्लब, पॉल स्टार शिक्षण संस्थान, मारवाड़ हॉस्पिटल आदि संस्थाओं का सहयोग रहा।

वही माली समाज के किशन लाल श्रीचंद तुनवाल, उदाराम, भंवरलाल सोलंकी, किशोर फुलवाला, हीरालाल सोलंकी, श्रवण भाटी, सुरेश शिव सागर, गणेश सैनी, हनुमान कच्छावा, गोविंद सोलंकी, किशोर तुनवाल, रामगोपाल तुनवाल, खेताराम, रामकिशन पंवार भगवाती चौहान, रामकिशोर टाक, मुकेश टाक, मुकेश तंवर, नाथूराम बांगड़ी, किशोर चौहान, मांगीलाल सोलंकी, डॉ. सोहन चौधरी ओमप्रकाश सोलंकी, रामकिशन खीचड़, कैलाश मालीा आदि का सहयोग रहा। लाडनूं के वीरेंद्र भाटी, सलीम पठान, गणेश सैनी, कैलाश सोलंकी बार-बार संचालन के रूप में लोगो को अनुशासन में रहकर रक्तदान करने की और इसके महत्व को समझाने की अपील कर रहे थे। इस शिविर में एसएमएस ब्लड बैंक के डॉ. कमल से हुई बातचीत के दौरान डॉ. ने बताया कि वे करीब 20 से अधिक शिविरों में जा चुके है और उनकी दृष्टि में पहले तो नीमकाथाना में सर्वाधिक रक्त युनिट माना जाता था।

उन्होनें कहा कि मेरी नजर में यह पहला शिविर राजस्थान का है, जिसमें बगैर प्रचार-प्रसार युवाओ द्वारा इतनी ज्यादा यूनिट रक्त संग्रह हुआ है। साथ ही युवाओं ने रक्तदान के लिए उत्साह दिखाया है। इसी प्रकार संतोकबा दुर्लभजी टीम सुखवीर सिंह भाटी का कहना है कि 16 साल में मैंने अनेक शिविरों में रक्त संग्रह किया है परंतु यह पहला शिविर है, जिसमें केवल युवाओं और विशेष रूप से महिलाओं ने भागीदारी निभाई।

शिविर को संबोधित करते हुए श्रीचंद तुदंवाल, उदाराम चौहान एवं विरेन्द्र भाटी मंगल ने कहा कि रक्त की एक एक बूंद बहुत कीमती है। रक्तदान जीवन दान है रक्तदान कई जिदंगीयों को बचा सकता है। उन्होंने कहा कि आज हम शिक्षित एवं सभ्य समाज के नागरिक है, जो अपनी नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के बारे में सोचते है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के पुनीत कार्य में सहयोग करना चाहिए।

# सावित्री बाई फूले भवन में प्रदेश स्तरीय पहले महिला छात्रावास का शुभारंभ

जयपुर। भारतीय शिक्षण सेवा संस्थान (रजिस्टर्ड), जयपुर के तत्वावधान में निर्मित ''सावित्री बाई फूले भवन'' में 29 अगस्त, 2016 को प्रात: 11.15 बजे महात्मा ज्योति बा फूले व सावित्री बाई फूल की प्रतिका का अनावरण ओ. पी. सैनी, अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार एवं माधोसिंह कच्छवाहा, अध्यक्ष भारतीय शिक्षण सेवा संस्थान के कर कमलों से किया गया। तत्पश्चात हवन पूजा कर छात्रावास का शुभारंभ किया तथा छात्रावास में विधिवत छात्राओं को प्रवेश दिया गया। माधोसिंह कच्छवाहा ने बताया कि इस छात्रावास में 30 कमरों में 100 छात्राऐं रह सकेगी।

इस अवसर पर मांगीलाल पंवार प्रदेशाध्यक्ष महात्मा ज्योति बा फूले राष्ट्रीय संस्थान, जुगल किशोर सैनी, उपाध्यक्ष भारतीय शिक्षण सेवा संस्थान, कृष्ण सैनी उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन, विद्युत समिति जयपुर नगर निगम, हनुमान प्रसाद सैनी अध्यक्ष सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था, एम. पी. सैनी सहायक आयुक्त वाणिज्य कर विभाग, बुध सिंह सैनी पूर्व सहायक निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, पी. सी. सैनी उपाध्यक्ष रामप्रसाद करोडिया उपाध्यक्ष, प्रकाश चंद सैनी प्रदेश मंत्री सहित प्रंबधकार्यकारणी समिति के पदाधिकारीगण एवं अन्य अतिथिगण भी उपस्थित रहे।

# कुशवाहा महासभा की बैठक संपन्न, नई कोर कमेटी का गठन

भोपाल। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक कैंची छोला स्थित अग्रवाल धर्मशाला में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती लाल कुशवाहा ने अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की कार्यकारिणी को भंग करते हुए सामाजिक गतिविधियों को संचालित करने के लिए राष्ट्रीय कोर कमेटी गठित की जिसमें पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हरगोविंद कुशवाह झांसी को संयाजेक बनाया गया तथा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग आयोग म.प्र. के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल कुशवाहा 'भानपुर' भोपाल, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय समानता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल कुशवाहा 'शास्त्री' बनारस दौलतराम कुशवाहा आगरा, बबनसिंह कुशवाहा, रामसेवक कुशवाहा, चन्द्रशेखर कुशवाहा बिहार, शेलेन्द्रसिंह कुशवाह पंजाब, बुद्धीराम कुशवाहा, महादेव कुशवाहा हरियाणा, लक्ष्मण कुशवाहा राजस्थान, ए.एम. वर्मा छत्तीसगढ़, नारायणसिंह, कुशवाहा भोपाल, रामविश्वास कुशवाहा भोपाल, अर्जुन पटेल एडवोकेट सागर, नेतराम कुशवाहा गाडरवारा, श्रीमती राधा कुशवाहा, श्रीमती शारदा कुशवाहा इन्दौर, नारायणसिंह कुशवाहा विदिशा, नरेशसिंह कुशवाहा ग्वालियर, एम प्रकाश कुशवाहा हैरदाबाद, मानवेन्द्र कुशवाहा दिल्ली, विजय शंकर वर्मा पश्चिम बंगला, आर. के. राम कुशवाहा उत्तराखण्ड, बाबूसिंह कुशवाहा उज्जैन को सदस्य के रूप में शामिल किया तथा वसंत कापड़िया सोहागपुर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोनित किया गया।

बैठक में म.प्र., उ.प्र., दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, छ.ग., बिहार, गुजरात, पश्चिम बंगाल तथा हैदराबाद सहित अन्य राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय पदाधिकारी तथा म.प्र. के सभी जिला अध्यक्ष एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल हुए। देश भर से आये सभी प्रतिनिधियों ने म. प्र. कुशवाहा महासभा के प्रांताध्यक्ष नारायणसिंह कुशवाहा की पहल की सराहना की तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री कुशवाहा ने लखनऊ अधिवेशन को अवैध घोषित करते हुए सभी प्रांतों से बहिष्कार करने का आह्वान किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कोर कमेटी से महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित कर गई कार्यकारिणी के चुनाव कराने को कहा।

इससे पूर्व अतिथियों द्वारा भगवासन लवकुश के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया तथा प्रांताध्यक्ष नारायणसिंह कुशवाहा, प्रदेश महामंत्री राम विश्वास कुशवाहा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नारायणसिंह कुशवाह विदिशा, प्रदेश महामंत्री अर्जुन पटेल प्रवक्ता प्रेम कुशवाहा, कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नरेशसिंह कुशवाहा, प्रदेश महामंत्री अर्जुन पटेल एडवोकेट महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती राधा कुशवाहा, प्रदेश कार्यालय सचिव मानसिंह कुशवाहा, भोपाल जिला अध्यक्ष तुलसीराम कुशवाहा एवं भोपाल के मीडिया प्रभारी विक्रम कुशवाहा सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्प मालाओं से स्वागत् कर स्मृति चिह्न भेंट किये।

# स्वतंत्रता दिवस व सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया



जोधपुर। माननगर माता का थान, पूंजला स्थित माँ शारदा विद्यापीठ सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में देश का 70वां स्वतंत्रता दिवस व सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया।

इस समारोह में विद्यालय में कक्षा दसवीं व बारहवीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों खुशवन्त देवड़ा, रितु देवड़ा, रामवीर जांगिड़ व मानसी टाक के हाथों झण्डारोहण करवाया गया और समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानचार्य युधिष्ठारसिंह गहलोत ने की। सर्वप्रथम इन विद्यार्थियों का संस्था के सचिव नरपतसिंह गहलोत ने माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर स्वागत किया।

समारोह में नन्हे मुन्ने बालकों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित सैकड़ों दर्शकों का मन मोह लियां इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि देवीलालजी गहलोत व संस्था के सचिव नरपतसिंह गहलोत ने विद्यालय में कक्षा दसवी व बारहवी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों खुशवन्त देवड़ा, रितु देवड़ा, रामवीर जांगिड़ व मानसी टाक को टेबलेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सम्मानित विद्यार्थियों ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर झण्डारोहण हमारे लिये गौरव व जीवन का अविष्मरणीय पल है।

समारोह के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री युधिष्ठरसिंह गहलोत ने पधारे हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

# ऑल इण्डिया सैनी समाज सेवा समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न

## एडवोकेट विमलेश गहलोत बने राजस्थान प्रदेश युवा अध्यक्ष (पश्चिमी)



नई दिल्ली। 18 सितंबर, ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज (रजि.) की समस्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी वह प्रदेश अध्यक्षों की त्रै-मासिक बैठक नई दिल्ली स्थित सांसद क्लब, नार्थ एवेन्यु में आयोजित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी ने संस्था की गतिविधियों व आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

पिछली सभा का अनुमोदन राष्ट्रीय महासचिव ताराचंद गहलोत ने किया वह सभी प्रदेश अध्यक्षों से अपने अपने राज्यों की प्रगति रिपोर्ट मांगी। इस त्रै-मासिक बैठक में विभिन्न समाजहित के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही जिन प्रदेश अध्यक्षों ने अपनी कार्यकारिणी गठन की सूचि, प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है कि उन्हें जल्द से जल्द राष्ट्रीय कार्यालय में उपलब्ध करवाने, प्रदेश व जिला स्तर पर सामाजिक कार्यशाला आयोजित कर माली (सैनी) समाज के युवाओं का उच्च शिक्षा व समाज सेवा हेतु प्रेरित करने, सामाजिक कार्यो में भागीदारी निभाने व समाज के सभी व्यापारी, अधिवक्ताओं, कर्मचारी, अधिकारी वर्ग की सूची बनाकर एकत्रित कर राष्ट्रीय कार्यालय पर पहुंचाने का आग्रह किया।

बैठक के दौरान मेरठ (यू.पी.) के एस. एस. सैनी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जोधपुर निवासी एडवोकेट विमलेश गहलोत को ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज (रजि.) राजस्थान पश्चिमी का युवा प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। राष्ट्रीय महासचिव ताराचंद गहलोत को गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान राज्यों का प्रभारी, सह प्रभारी दुलीचंद सिंगोदिया व विजय सिंह भाटी, ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज राजस्थान जनजागृति कार्यशाला प्रभारी के पद पर आईदान भाटी को तेलगांना राज्य का सह प्रभारी करने के साथ ही कई समाज सेवियों को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नियुक्ति प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस त्रैमासिक बैठक में संरक्षक इंद्रराज सिंह सैनी, पूर्व अध्यक्ष श्रीपाल सैनी, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद सत्यपाल सिंह सैनी, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) सुमन कुमार सैनी, विरेन्द्र सैनी, पश्चिमी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सेवाराम दगदी, गणप सोलंकी महिला प्रदेश अध्यक्ष (पश्चिमी राजस्थान) गीता सोलंकी, पूर्वी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष रामसिंह सैनी, महिला प्रदेश अध्यक्ष पूर्वी गायत्री सैनी, किशोर लाल सैनी, सी. पी. सैनी, खेम सैनी, सूरजमल सैनी, धर्मेन्द्र सांखला, रामचंद्र सांखला सहित ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज के सैकड़ों कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों ने शिरकत की। इस त्रैमासिक बैठक का संचालन राष्ट्रीय महासचिव वनीताल लौंढ़े ने किया।
















# MAHTMA PHULE KRANTI JYOTI SCHOLARSHIP TEST - 2016

(ORGANIZED BY : MALI SAINI SANDESH)

## Result of Eligible Students

| Roll.No. | Name | Father Name | City |
|---|---|---|---|
| SCH/16/729 | GENA RAM GEHLOT | SH. LABHU RAM GEHLOT | PIPAD |
| SCH/16/748 | GOVIND RAM GEHLOT | SH. SONA RAM GEHLOT | PIPAD |
| SCH/16/911 | DIVYANSHI GEHLOT | SH. ASHOK KUMAR GEHLOT | BORUNDA |
| SCH/16/908 | DIVYA SAINI | SH. PUNA RAM SAINI | BORUNDA |
| SCH/16/737 | ARJUN SINGH SAINI | SH. SURENDRA SINGH SAINI | PIPAD |
| SCH/16/751 | SHARVAN PARIHAR | SH. URJA RAM PARIHAR | BORUNDA |
| SCH/16/657 | SUBASH DEORA | SH. OMPRAKASH DEORA | BHOPALGARH |
| SCH/16/525 | LAXMAN GEHLOT | SH. PUKHRAJ GEHLOT | JODHPUR |
| SCH/16/529 | RAJURAM DEORA | SH. VIRENDRA DEORA | TIWARI |
| SCH/16/550 | AMRIT LAL DEORA | SH. NEMA RAM DEORA | TIWARI |
| SCH/16/610 | DEVARAM MALI | SH. PARAS RAM MALI | TIWARI |
| SCH/16/241 | BHAGYASHREE GEHLOT | SH. VINOD GEHLOT | JODHPUR |
| SCH/16/210 | VARSHA SANKHALA | SH. NAVRATAN SANKHALA | JODHPUR |
| SCH/16/504 | SUMIT SOLANKI | SH. AJAY SINGH SOLANKI | JODHPUR |
| SCH/16/576 | VIPUL TANWAR | SH. GAJENDRA SINGH TANWAR | JODHPUR |
| SCH/16/869 | MUKESH GEHLOT | SH. IDAN RAM GEHLOT | JODHPUR |
| SCH/16/232 | NIKITA GEHLOT | SH. PREM SINGH GEHLOT | JODHPUR |
| SCH/16/505 | RAVI KACHHAWAHA | SH. DILIP KACHHAWAHA | JODHPUR |
| SCH/16/618 | RANJEET MALI | SH. PYARE LAL MALI | JODHPUR |
| SCH/16/728 | HIMANSHU DEORA | SH. SOHAN DEORA | JODHPUR |
| SCH/16/218 | JEENA GEHLOT | SH. PUNAM SINGH GEHLOT | JODHPUR |
| SCH/16/237 | POOJA GEHLOT | SH. OMPRAKASH GEHLOT | JODHPUR |
| SCH/16/867 | PRAKASH MALI | SH. KESU RAM MALI | JODHPUR |
| SCH/16/860 | NEMA RAM GEHLOT | SH. RAM PRAKASH GEHLOT | JODHPUR |
| SCH/16/871 | PRIYANKA GEHLOT | SH. GOVIND SINGH GEHLOT | JODHPUR |
| SCH/16/600 | SUMER RAM MALI | SH. BANSHI LAL MALI | PIPAD |
| SCH/16/782 | DILIP SINGH PANWAR | SH. KAILASH PANWAR | JODHPUR |
| SCH/16/231 | RAVINA GEHLOT | SH. POONAM SINGH GEHLOT | JODHPUR |
| SCH/16/562 | DEEPAK DEORA | SH. TRILOK SINGH DEORA | JODHPUR |
| SCH/16/563 | SUNIL DEORA | SH. TRILOK SINGH DEORA | JODHPUR |
| SCH/16/238 | ALKA GEHLOT | SH. CHAWAR LAL GEHLOT | JODHPUR |
| SCH/16/863 | SANDEEP PARIHAR | SH. RAM CHANDRA PARIHAR | JODHPUR |
| SCH/16/202 | HARSHIKA PARIHAR | SH. AVINASH PARIHAR | JODHPUR |

| | | | |
|---|---|---|---|
| SCH/16/577 | VINAY TANWAR | SH. GAJENDRA TANWAR | JODHPUR |
| SCH/16/501 | PIYUSH TANWAR | SH. GAJENDRA TANWAR | JODHPUR |
| SCH/16/242 | MANISHA GEHLOT | SH. MAHESH GEHLOT | JODHPUR |
| SCH/16/757 | RAKESH SAINI | SH. OMPRAKASH SAINI | PIPAD |
| SCH/16/947 | PAYRELAL MALI | SH. OMARAM MALI | PIPAD |
| SCH/16/825 | AARTI SAINI | SH. SURESH CHANDRA SAINI | PIPAD |
| SCH/16/758 | MAHENDRA SAINI | SH. KALURAM SAINI | BHOPALGARH |
| SCH/16/763 | JABAR SINGH SOLANKI | SH. KHIYARAM SOLANKI | PIPAD |
| SCH/16/745 | MAMTA SAINI | SH. OMPRAKASH SAINI | PIPAD |
| SCH/16/824 | MEERA KACHHWAHA | SH. SHANKAR LAL KACHHAWAHA | PIPAD |
| SCH/16/759 | MUKESH GEHLOT | SH. RAMKISHAN GEHLOT | PIPAD |
| SCH/16/756 | MAHENDRA SINGH TAK | SH. BADRI RAM TAK | PIPAD |
| SCH/16/734 | JITENDRA TAK | SH. GOVIND RAM TAK | PIPAD |
| SCH/16/743 | NARESH SANKHALA | SH. LIKHMA RAM SANKHALA | PIPAD |
| SCH/16/760 | DINESH SAINI | SH. JENA RAM SAINI | PIPAD |
| SCH/16/718 | RAMNIWAS SAINI | SH. DHARMA RAM SAINI | JODHPUR |
| SCH/16/719 | SURESH KUMAR MALI | SH. PAPURAM MALI | BHOPALGARH |
| SCH/16/722 | MUKESH BHATI | SH. NEMA RAM BHATI | BHOPALGARH |
| SCH/16/732 | ARJUN SINGH MALI | SH. GHASHI RAM MALI | PIPAD |
| SCH/16/733 | DHARMENDRA SAINI | SH. MEHRAM SAINI | PIPAD |
| SCH/16/299 | REKHA PARIHAR | SH. NARPAT SINGH PARIHAR | BHOPALGARH |
| SCH/16/310 | POOJA DEORA | SH. BABU LAL DEORA | BHOPALGARH |
| SCH/16/311 | SUNITA DEORA | SH. MANAK RAM DEORA | BHOPALGARH |
| SCH/16/603 | SANJAY PARIHAR | SH. KAPOR SINGH PARIHAR | JODHPUR |
| SCH/16/566 | YOGESH GEHLOT | SH. DEEPAK GEHLOT | JODHPUR |
| SCH/16/802 | GUNJAN TAK | SH. VIREDNRA TAK | JODHPUR |
| SCH/16/764 | SURESH SAINI | SH. JEVAN RAM SAINI | PIPAD |
| SCH/16/766 | VIRENDRA TAK | SH. OMPRAKASH TAK | PIPAD |
| SCH/16/761 | RAKESH SOLANKI | SH. NATHURAM SOLANKI | PIPAD |
| SCH/16/313 | SAROJ SOLANKI | SH. OMPRAKASH SOLANKI | BHOPALGARH |
| SCH/16/314 | SUMAN SOLANKI | SH. HAMIR RAM SOLANKI | BHOPALGARH |
| SCH/16/639 | LADURAM DEORA | SH. BHERA RAM DEORA | BHOPALGARH |
| SCH/16/828 | VIMLA TAK | SH. SAMPAT LAL TAK | PIPAD |
| SCH/16/826 | SAROJ TAK | SH. BHAGAWAN RAM TAK | PIPAD |
| SCH/16/752 | MANOHR LAL BHATI | SH. ANDA RAM BHATI | BORUNDA |
| SCH/16/731 | SURESH TAK | SH. MADAN LAL TAK | PIPAD |
| SCH/16/875 | MANOHAR RAM | SH. RAMDEEN MALI | TIWARI |
| SCH/16/293 | POOJA TAK | SH. NARPAT RAM TAK | TIWARI |
| SCH/16/294 | KIRAN TAK | SH. NARPAT RAM TAK | TIWARI |
| SCH/16/753 | KRISHAN CHAND SAINI | SH. BHAWAR LAL SAINI | PIPAD |
| SCH/16/945 | JITENDRA SANKHALA | SH. SUGNA RAM SANKHALA | PIPAD |
| SCH/16/257 | SHOBHA DEORA | SH. JETARAM DEORA | TIWARI |

| | | | |
|---|---|---|---|
| SCH/16/701 | CHANCHAL RAJ SOLANKI | SH. PUKHA RAM SOLANKI | BHOPALGARH |
| SCH/16/702 | ASHOK BHATI | SH. SOHAL LAL BHAT | BHOPALGARH |
| SCH/16/705 | SAHDEV SOLANKI | SH. BADAL RAM SOLANKI | BHOPALGARH |
| SCH/16/707 | MANOHAR SOLANKI | SH. OMPRAKASH SOLANKI | BIRAI |
| SCH/16/772 | JITENDRA TAK | SH. PAPU RAM TAK | PIPAD |
| SCH/16/946 | ASHOK BHATI | SH. PUKHA RAM BHATI | BUCHETI |
| SCH/16/889 | SOHBA PARIHAR | SH. OMPRAKASH PARIHAR | TIWARI |
| SCH/16/890 | AMRIT LAL MALI | SH. RAJU RAM MALI | TIWARI |
| SCH/16/668 | MANOHAR SAINI | SH. PAPU RAM SAINI | BHOPALGARH |
| SCH/16/827 | SHOBHA GEHLOT | SH. PUKH RAJ GEHLOT | PIPAD |
| SCH/16/862 | RAVI SANKHALA | SH. VIJAY SINGH SANKHALA | BAWADI |
| SCH/16/692 | SUBASH SAINI | SH. MANAK RAM PARIHAR | BIRAI |
| SCH/16/696 | RAVINDRA DEORA | SH. NARAYAN RAM DEORA | BHOPALGARH |
| SCH/16/712 | SUMER BHATI | SH. BUDHA RAM BHATI | BHOPALGARH |
| SCH/16/714 | GAJENDRA KACHHAWAHA | SH. AMRA RAM KACHHAWAHA | BIRAI |
| SCH/16/713 | RAM NIWAS DEORA | SH. HANUMAN RAM DEORA | BHOPALGARH |
| SCH/16/747 | RAKESH TAK | SH. DUNGAR RAM TAK | PIPAD |
| SCH/16/895 | GOVIND TAK | SH. AMRA RAM TAK | PIPAD |
| SCH/16/767 | JITENDRA TAK | SH. PAPU RAM TAK | PIPAD |
| SCH/16/660 | SURESH RAM SAINI | SH. ANOP RAM SAINI | BHOPALGARH |
| SCH/16/662 | RADHESHAYAM SOLANKI | SH. PREMA RAM SOLANKI | PHALODI |
| SCH/16/661 | RAMVILAS PARIHAR | SH. PANCHA RAM PARIHAR | BHOPALGARH |
| SCH/16/658 | RAMKARAN DEORA | SH. SHAITAN RAM DEORA | BHOPALGARH |
| SCH/16/656 | TRILOK SOLNAKI | SH. MANK RAM SOLANKI | BAWADI |
| SCH/16/667 | GANPAT BHATI | SH. MALA RAM BHATI | BHOPALGARH |
| SCH/16/659 | MEHRAM TAK | SH. BAKSHA RAM TAK | BHOPALGARH |
| SCH/16/741 | DILIP SANKHALA | SH. DAU RAM SANKHALA | PIPAD |
| SCH/16/738 | JITENDRA BHATI | SH. HAPU RAM BHATI | PIPAD |
| SCH/16/730 | BALVEER GEHLOT | SH. HARMAN RAM GEHLOT | BORUNDA |
| SCH/16/750 | MAHENDRA TAK | SH. OMPRAKASH TAK | PIPAD |
| SCH/16/749 | SETHA RAM MALI | SH. GANPAT RAM MALI | PIPAD |
| SCH/16/762 | SURESH SOLANKI | SH. OMA RAM SOLANKI | PIPAD |
| SCH/16/755 | MUKESH SAINI | SH. HANUMAN RAM SAINI | PIPAD |
| SCH/16/744 | ONKAR SINGH SAINI | SH. OMA RAM SAINI | PIPAD |
| SCH/16/746 | SUNITA KACHHAWAHA | SH. LAXMAN RAM KACHHWAHA | PIPAD |
| SCH/16/717 | SURESH RAM TAK | SH. KHOJA RAM TAK | CHOKDI KALLA |
| SCH/16/989 | Kumbharam Solanki | Sh. Ganga Ram Solanki | Balesar Satta |
| SCH/16/985 | Darshana Gehlot | Sh. Laxmanram Gehlot | Balesar Durgavata |

**रिजल्ट हमारी वेब साईट www.malisainisandesh.com पर भी उपलब्ध है। सभी चयनित विद्यार्थियों को पत्रिका द्वारा स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी साथ ही वर्ष भर विभिन्न कोर्सेज में नि:शुल्क प्रवेश प्रदान किया जायेगा।**

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची


श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासुदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा

श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर

श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुंबई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिंवरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
**श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर**
श्री मदनलाल पुत्र श्री सोमामराम गहलोत, तिंवरी
श्री लिखराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुराभाटियान,
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला,रामपुरा भाटियान
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

### घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजे

## सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यों की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

| दो वर्ष रु. 300/- | पांच वर्ष रु. 700/- | आजीवन रु. 3100/- |
|---|---|---|

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर






# संगठित होकर समाज को आगे बढ़ाने का आव्हान

बीकानेर। माली सैनी क्षत्रिय सभा भवन के तत्वावधान में शनिवार को शिव पार्वती मंदिर में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महात्मा ज्योतिबा फूले सावित्री फूले के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया।लोकसभा के मुख्य सचेतक संदीप सैनी थे। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत, डॉ. महेन्द्र खड़गावत, एन आर सैनी, यशपाल गहलोत, गुलाब गहलोत, जसोदा गहलोत, तेजरतन भाटी, नानूराम सैनी थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष तेजरतन भाटी ने संस्थान की गतिविधियों का उल्लेख करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में संगठित होकर आगे बढ़ने का आव्हान किया।

विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र गहलोत ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए शिक्षा व संस्कार की भावना से कार्य करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। संचालन कन्हैयालाल क्छवाहा व आत्माराम भाटी ने किया। आभार मुरली गहलोत ने किया।

# सुमेर शिक्षण संस्थान के 119 वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह की झलकियां







माननीय श्रीमती शोभा रासकर को माली महासंघ, महाराष्ट्र के अध्यक्षा नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल शुभकामनाऐं।



गुजरात के मुख्यमंत्री विजय भाई रूपानी का स्वागत करते पूर्व विधायक अनिल भाई माली एवं समाजसेवी एवं उद्योगपति मोहनभाई रामी एवं समाज बंधुवर

## समाज के दिव्यांग शिवराज माली ने किया कमाल



जयपुर। जन्म से शारीरिक रूप से स्थाई दिव्यांग होते हुए भी शिवराज माली ने जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शुटिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल जीतकर मीरा नगरी मेड़ता व संपूर्ण माली समाज को गौरवान्वित किया है। माली समाज के इस प्रतिभागी की जितनी भी प्रंशसा की जाए उतनी कम है। माली सैनी संदेश परिवार शिवराज के हौसलें का सम्मान करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित करता है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।









*Your Personal Home Maker*

Bed Sheets | Blankets | Towel | Napkins | Dohar | Quilt | Jaipuri Rajai | Pillow | Curtains | Roller Blinds | Shawls | Sofa Fabrics | Matress | Cushions | Wallpapers | Wooden Flooring | PVC Flooring

*Vineet Gehlot*

shrigehlothandloom@gmail.com

**श्री GEHLOT HANDLOOM**

**EXCLUSIVE SHOWROOM OF FURNISHING**

**PARKING FACILITY AVAILABLE**

**130 NAI SARAK JODHPUR 342 001 | M.: +91 773 710 0198**

स्वत्वाधिकारी सम्पादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक मनीष गहलोत के लिए
भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org